कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

मुख्यालय
Headquarters'
पंचदीप भवन सी॰आई॰जी रोड, नई दिल्ली-110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Phone: 011-23604700 Email: dir-gen@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

संख्या : ए-49/12/6/2022-राजभाषा **दिनांक** : 01-06-2026

सेवा में

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली ।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. अधिष्ठाता, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत्य महाविद्यालय/नर्सिंग महाविद्यालय, स्नाकोतर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/नोएडा/के.के.नगर।

विषय : राजभाषा शाखा में अपेक्षित कर्मचारिवृन्द की तैनाती के संबंध में।

महोदय/महोदया

कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 34वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 22-23 दिसंबर, 2025 को विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश में आयोजित हुआ। सम्मेलन में चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि कुछ निगम इकाइयों में राजभाषा शाखा में अपेक्षित कर्मचारिवृन्द/सहायक स्टाफ की तैनाती नहीं की गई है, इसके कारण वहाँ राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तथा कार्यान्वयन बाधित हो रहा है।

अतः अनुरोध है कि राजभाषा शाखा में अपेक्षित कर्मचारिवृन्द/सहायक लिपिकीय स्टाफ तथा बहुकार्य कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न दैनंदिन कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

भवदीय
Digitally signed by
Sham Sunder Kathuria
Date: 01-06-2026
17:13:29
(श्याम सुंदर कथूरिया)
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :

वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस पत्र को क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।

निदेशक (राजभाषा)